CMYK

Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

□ वर्ष- 28 □ अंक- 158 □ रायपुर, बुधवार 2 जुलाई 2025 □ पृष्ठ-8 □ मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

## छत्तीसगढ़ सहित 6 राज्यों में 40 ठिकानों पर सीबीआई का छापा, 6 दबोचे गए




**रायपुर,** 2 जुलाई (हाईवे चैनल)। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने मेडिकल कॉलेज की मान्यता के लिए अनुकूल निरीक्षण रिपोर्ट देने के बदले रिश्वत लेने के मामले में बड़ी कार्रवाई की है। सोमवार को देशभर में चलाए गए अभियान में तीन डॉक्टरों सहित छह लोगों को गिरफ्तार किया गया। मामला छत्तीसगढ़ के नवा रायपुर स्थित रावतपुरा सरकार इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज एंड रिसर्च से जुड़ा है।

सीबीआई के मुताबिक, आरोपियों ने संस्थान के पक्ष में रिपोर्ट देने के लिए निरीक्षणकर्ताओं को 55 लाख रुपये की रिश्वत दी। संस्थान के पदाधिकारी और बिचौलिए, निरीक्षण के लिए नियुक्त डॉक्टरों को प्रभावित करने की कोशिश में जुटे थे। सीबीआई ने पुख्ता सूचना के आधार पर जाल बिछाया और रिश्वत के लेन-देन के दौरान सभी आरोपियों को बेंगलुरु में रंगे हाथों पकड़ा। गिरफ्तार आरोपियों में तीन डॉक्टर, एक संस्थान पदाधिकारी और तीन बिचौलिए शामिल हैं।

सीबीआई ने कर्नाटक, राजस्थान, छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश, दिल्ली और मध्य प्रदेश में 40 से अधिक ठिकानों पर छापेमारी की। इस दौरान कई महत्वपूर्ण दस्तावेज और डिजिटल साक्ष्य बरामद किए गए। जांच में खुलासा हुआ कि आरोपी वैधानिक प्रक्रिया को प्रभावित करने के लिए विभिन्न हथकंडे अपनाए थे। सीबीआई ने कहा कि यह कार्रवाई मेडिकल शिक्षा व्यवस्था में व्याप्त भ्रष्टाचार की जड़ों तक पहुंचने के लिए अहम है। गिरफ्तार आरोपियों को संबंधित अदालतों में पेश किया जाएगा।

## भारतमाला घोटाला : 400 दावा-आपत्तियों की जांच जारी शिकायतकर्ताओं को बयान दर्ज कराने भेजे जा रहे नोटिस



**रायपुर,** 2 जुलाई (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ में भारतमाला परियोजना के मुआवजा घोटाला मामले में जांच जारी है. एडिशनल कलेक्टर की अध्यक्षता में गठित चार अलग-अलग जांच टीमें शिकायतों के जांच में जुटी हुई हैं. रायपुर और दुर्ग संभाग में कुल मिलाकर 400 से ज्यादा नई दावा-आपत्तियां सामने आई हैं, जिनकी विस्तृत जांच की जा रही है. जानकारी के अनुसार, जांच टीमों ने संबंधित पटवारियों से मुआवजा वितरण से जुड़े दस्तावेज और प्रतिवेदन मांगे हैं. साथ ही पक्षकारों और शिकायतकर्ताओं को बयान दर्ज कराने के लिए नोटिस जारी किए जा रहे हैं.

रायपुर संभाग में अब तक 150 से ज्यादा और दुर्ग संभाग में 250 से अधिक दावा-आपत्तियां दर्ज की गई हैं. संभावना है कि विधानसभा के मानसून सत्र से पहले जांच रिपोर्ट शासन को सौंपी जा सकती है. भारतमाला परियोजना के तहत विशाखापट्टनम रायपुर तक बन रही कॉरिडोर में एसडीएम निर्भय साहू एवं अन्य राजस्व विभाग के अधिकारियों ने भूमाफियों को कई गुना ज्यादा मुआवजा राशि दिलवाया है. इससे सरकार को 600 करोड़ की हानि हुई है.

ामला संज्ञान में आने पर मार्च में तत्कालीन एसडीएम निर्भय कुमार साहू एवं दो तहसीलदार और तीन पटवारी को निलंबित कर दिया गया था. निलंबन के समय निर्भय कुमार साहू जगदलपुर नगर निगम आयुक्त थे. सरकार ने घोटाले की जांच ईओडब्ल्यू को सौंप दिया है. ईओडब्ल्यू आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच कर रही है. कोर्ट ने गिरफ्तारी वारंट जारी किया था पर अब तक सभी आरोपी फरार चल रहे हैं।

## ब्रेकिंग न्यूज

### पांच देशों की यात्रा पर मोदी, घाना के लिए रवाना; ब्रिक्स सम्मेलन में करेंगे शिरकत



**नई दिल्ली,** 2 जुलाई (न्यूज चैनल)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार को पांच देशों की यात्रा पर रवाना हो गए हैं। वह दो से नौ जुलाई तक घाना, त्रिनिदाद-टोबैगो, अर्जेंटीना, ब्राजील और नामीबिया की यात्रा पर रहेंगे। इस दौरान छह और सात जुलाई को ब्राजील में 17वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। इससे वैश्विक दक्षिण के देशों से भारत के संबंधों को नया आयाम मिलने की उम्मीद है।

### जहरीला मशरूम खाने से एक ही परिवार के 10 लोगों की बिगड़ी तबीयत

**सूरजपुर,** 2 जुलाई (हाईवे चैनल)। जिले के डेडरी गांव में मंगलवार को उस समय हड़कंप मच गया जब एक ही परिवार के 10 लोगों की तबीयत जहरीला मशरूम खाने से अचानक बिगड़ गई। परिवार के सदस्यों ने जंगल से लाए गए मशरूम को पका कर खा लिया, जिससे सभी की तबीयत बिगड़ गई। इसके बाद सभी को आनन-फानन में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज जारी है। जानकारी के अनुसार, डेडरी गांव निवासी एक परिवार के कुछ सदस्य जंगल से मशरूम तोड़कर लाए थे। लेकिन जो मशरूम लाया गया वह जहरीला था। परिवार के सभी सदस्यों ने मिलकर उसे पका कर खाया, जिसके कुछ ही घंटों बाद बच्चों और बड़ों को उल्टी-दस्त, चक्कर और कमजोरी की शिकायतें शुरू हो गई। परिवार के सदस्यों की हालत बिगड़ते देख पड़ोसियों ने सभी लोगों को जिला अस्पताल सूरजपुर पहुंचाया। अस्पताल में डॉक्टरों की टीम ने तुरंत लोगों का उपचार शुरू किया।

## जम्मू से अमरनाथ के लिए आज रवाना होगा पहला जत्था

**नई दिल्ली,** 2 जुलाई (न्यूज चैनल)। अमरनाथ यात्रा के लिए जम्मू स्थित भगवती नगर आधार शिविर से बुधवार को रवाना होगा और वीरवार से दक्षिण कश्मीर हिमालय में 3,880 मीटर की ऊंचाई पर स्थित इस मंदिर की यात्रा औपचारिक तौर पर शुरू हो जाएगी। जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा बुधवार को कड़ी सुरक्षा के बीच अमरनाथ तीर्थयात्रियों के पहले जत्थे को कश्मीर स्थित दो आधार शिविरों के लिए झंडी दिखाकर रवाना करेंगे।

अधिकारियों के अनुसार, 3,500 से अधिक तीर्थयात्री यहां भगवती नगर यात्री निवास पहुंच चुके हैं। तीर्थयात्रा के लिए यहां आने वाले श्रद्धालुओं का मौके पर ही पंजीकरण भी शुरू कर दिया गया है। पिछले दो दिनों में करीब 4,000 टोकन बांटे गए हैं। अमरनाथ गुफा मंदिर की 38 दिवसीय तीर्थयात्रा दो मार्गों से शुरू होगी। इसमें अनंतनाग जिले में पारंपरिक 48 किलोमीटर लंबा नुनवान-पहलगाम मार्ग और गांदरबल जिले में 14 किलोमीटर लंबा बालटाल मार्ग है। प्राधिकारियों ने यात्रा के लिए व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की गई है। उप संभागीय मजिस्ट्रेट मनु हंसा ने कहा, 'अमरनाथ यात्रा के लिए देश के अन्य भागों से जम्मू पहुंचने वाले श्रद्धालुओं के लिए मौके पर पंजीकरण शुरू हो गया है।

## अहमदाबाद एअर इंडिया विमान हादसा दोनों इंजन फेल होने से हुआ..!



**नई दिल्ली,** 2 जुलाई (न्यूज चैनल)। अहमदाबाद में एअर इंडिया विमान हादसे को दो हफ्ते से ज्यादा का समय बीत चुका है और जांचकर्ता इस बात का पता लगाने में जुटे हैं कि इस हादसे की वजह क्या रही। एअर इंडिया के पायलटों ने हादसे की वजह जानने के लिए फ्लाइट सिमुलेटर पर भी जांच की। इस जांच में पता चला है कि संभवत: विमान के दोनों इंजन फेल होने की वजह से विमान क्रैश हुआ होगा।

**फ्लाइट सिमुलेटर पर जांच से तह तक पहुंचने की कवायद**

जांच के दौरान एयरलाइन के पायलटों ने फ्लाइट सिमुलेटर में विमान के उड़ान के दौरान के विभिन्न पैरामीटर्स को फिर से दोहराया, जिसमें लैंडिंग गियर की स्थिति और विंग फ्लैप को वापस खींचना शामिल था। इस जांच में पाया गया कि केवल इन सेटिंग्स की वजह से हादसा नहीं हुआ। पिछली कुछ जांच में पता चला है कि विमान के क्रैश होने से कुछ सेकंड पहले ही आपातकालीन पावर टरबाइन भी चालू की गई थी, जिससे पता चलता है कि तकनीकी खराबी के चलते विमान क्रैश हुआ। हादसे की आधिकारिक जांच चल रही है, जिसका नेतृत्व विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो या एएआईबी द्वारा की जा रही है। फ्लाइट सिमुलेटर जांच आधिकारिक जांच से अलग हुई। इस जांच में हादसे के संभावित कारण जानने की कोशिश की गई। फ्लाइट सिमुलेटर एक डिवाइस या सॉफ्टवेयर है, जिसमें विमान की उड़ान जैसी स्थिति बनाई जाती है। फ्लाइट सिमुलेटर का इस्तेमाल पायलटों की ट्रेनिंग, विमान के डिजाइन और रिसर्च आदि में इस्तेमाल किया जाता है।

## कॉलोनी में घुसा तेंदुआ, बछड़े को बनाया शिकार, दहशत में लोग

**कांकेर,** 2 जुलाई (हाईवे चैनल)। कांकेर शहर के हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी इमलीपारा के पास मंगलवार रात करीब 9 बजे एक तेंदुआ नजर आया, जिससे इलाके में हड़कंप मच गया। तेंदुआ कॉलोनी की बाउंड्रीवाल लांघता हुआ नजर आया। वहीं तेंदुए ने एक गाय के बछड़े को अपना शिकार बना लिया। इस दौरान पूरे मंजर का वीडियो स्थानीय लोगों ने अपने मोबाइल से रिकॉर्ड कर लिया। यह मामला कांकेर वन परिक्षेत्र का है। बताया जा रहा है कि जैसे ही लोगों ने तेंदुए को बाउंड्रीवाल पर चढ़ा देखा और वीडियो बनाना शुरू किया। जिसके बाद तेंदुआ अचानक दीवार से कूदकर कॉलोनी की ओर भागा और एक गाय के बछड़े पर हमला कर उसे अपना शिकार बना लिया। इस घटना के बाद कॉलोनी में सन्नाटा पसर गया, खासकर स्कूली बच्चों को लेकर लोग बेहद चिंतित हैं। इस घटना के बाद अब तक वन विभाग की ओर से तेंदुए को पकड़ने कोई रेस्क्यू ऑपरेशन नहीं चलाया गया है।बता दें कि कांकेर वन परिक्षेत्र से लगे रिहायशी इलाकों में वन्यजीवों की आमद कोई नई बात नहीं है। पहले भी भालू और तेंदुए के कॉलोनियों में प्रवेश करने की घटनाएं सामने आती रही है।

## नक्सलियों ने मुखबिरी के शक में की युवक की हत्या



**जंगल में आईईडी की चपेट में आने से ग्रामीण हुआ घायल**

**बीजापुर,** 2 जुलाई (हाईवे चैनल)। जिले में नक्सलियों की कायराना हरकतें थमने का नाम नहीं ले रही हैं। आज एक ओर जहां मुखबिरी के शक में एक युवक की हत्या कर दी गई, वहीं दूसरी ओर सुरक्षाबलों को निशाना बनाने के लिए बिछाए गए आईईडी की चपेट में आने से एक ग्रामीण गंभीर रूप से घायल हो गया है। यह घटनाएं ऐसे समय हुई जब सुरक्षाबल राज्य के नक्सल प्रभावित इलाकों में लगातार अभियान चला रहे हैं और कई क्षेत्रों को नक्सलमुक्त घोषित किया जा चुका है।

पहली घटना उसूर थाना क्षेत्र के पेरमपल्ली गांव की है, जहां नक्सलियों ने कवासी हूँगा नामक युवक को बीते मंगलवार देर रात मौत के घाट उतार दिया। बताया जा रहा है कि नक्सलियों को युवक पर पुलिस की मुखबिरी का शक था। यह घटना उस वक्त हुई जब गांव के अधिकांश लोग अपने घरों में सो रहे थे। हत्या के बाद नक्सली मौके से फरार हो गए।




चूहा- सुनती हो, बताते हैं शराब घोटाले में पार्टी फंड को 1500 करोड़ रुपए दिए गए हैं ?
चुहिया- हां जी, असली समस्या तो पार्टी फंड की ही रहती है..!

## अभनपुर-राजिम के बीच जल्द दौड़ेगी पैसेंजर ट्रेन



**रेल महाप्रबंधक ने किया निरीक्षण**

**रायपुर,** 2 जुलाई (हाईवे चैनल)। अभनपुर-राजिम रेलखंड पर यात्री ट्रेन सेवा जुलाई महीने में शुरू होने की संभावना है. अभनपुर से धमतरी के बीच ब्रॉडगेज लाइन पर दिसंबर तक ट्रेन चलाने की तैयारी की जा रही है. महाप्रबंधक तरुण प्रकाश ने आरएसडी यार्ड, अभनपुर स्टेशन और निर्माणाधीन राजिम स्टेशन पर सुरक्षा इंतजामों और अन्य तैयारियों का निरीक्षण किया. इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए.

गौरतलब है कि रायपुर-अभनपुर के बीच पहले से ही मेमू ट्रेन सेवा संचालित है, जो फिलहाल घाटे में चल रही है. रेलवे को उम्मीद है कि राजिम तक ट्रेन सेवा शुरू होने से यात्रियों की संख्या में बढ़ोतरी होगी, जिससे सेवा अधिक लाभकारी बन सकेगी. अभनपुर-राजिम के बीच ब्रॉडगेज लाइन का ट्रायल पूरा कर लिया गया है, जबकि अभनपुर-धमतरी के बीच गेज कन्वर्जन का कार्य तेजी से चल रहा है. इसे दिसंबर तक पूरा करने का लक्ष्य है. इन रेल परियोजनाओं के पूरा होने से राज्य के प्रमुख धार्मिक, सांस्कृतिक और पर्यटन स्थलों को ब्रॉडगेज नेटवर्क से जोड़ा जा सकेगा. राजिम तक सीधी रेल कनेक्टिविटी होने से यात्रियों के लिए सुविधाजनक यात्रा विकल्प के साथ क्षेत्रीय व्यापार, कृषि, तीर्थाटन और पर्यटन को भी नई गति मिलेगी.

## खड़ी ट्रक से जा टकराई डबल डेकर बस, काटकर निकाले गए यात्री



**कोरबा (बांगो),** 2 जुलाई (हाईवे चैनल)। नेशनल हाईवे अंबिकापुर बिलासपुर क्रमांक 130 पर किनारे खड़े एक ट्रेलर के पिछले हिस्से से एक यात्री बस जा भिड़ी। दुर्घटना में कई यात्री घायल हुए हैं। सामने की सीट पर फंसे एक यात्री को कई घंटे की मशक्कत कर बस की बॉडी काटकर निकाला जा सका। यात्री बस का चालक और कंडक्टर फरार हैं।

जानकारी के अनुसार आज बुधवार तड़के लगभग 4 बजे यह हादसा बांगो थाना क्षेत्र के ग्राम बरौदखार में हुआ। बताया गया कि बरौदखार मार्ग में एक ट्रेलर खड़ा कर चालक आराम कर रहा था। इस बीच झारखंड के गढ़वा से रायपुर के मध्य संचालित होने वाली रात्रिकालीन दुबे ट्रेवल्स की बस मार्ग से गुजरते वक्त दुर्घटना का शिकार हो गई। चालक की लापरवाही से बस ट्रेलर के पीछे जा भिड़ी। रात्रि में यात्री बस की स्पीड काफी ज्यादा थी सम्भवत: चालक को झपकी आ जाने से हाईवे पर खड़े ट्रेलर से पल भर में जा भिड़ी। तेज झटके से स्लीपर व सीट पर सोए यात्रियों को चोट आई है। बस चालक और कंडक्टर यात्रियों को उनके हाल पर छोड़कर भाग निकले। इधर, हाईवे से गुजरने वाले लोगों ने इस घटना के बारे में पुलिस के डायल 112 को सूचना दी।

## शराब घोटाला
## ईओडब्ल्यू के दूसरे चालान में चौंकाने वाले खुलासे, घोटाले में मिली रकम से 1500 करोड़ पार्टी फंड के नाम पर दिए

**रायपुर,** 2 जुलाई (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ के 2161 करोड़ रुपए के शराब घोटाले में बड़े अहम और चौंकाने वाले खुलासे हुए हैं. ईओडब्ल्यू के पूरक चालान के मुताबिक, पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा के अलावा एक अन्य बड़े कांग्रेसी नेता को महीने में दो बार 10-10 करोड़ रुपए मिलते थे. यही नहीं शराब घोटाले से मिली रकम में से 1500 करोड़ रुपए पार्टी फंड के नाम पर दिया गया है, हालांकि, डायरी में इस बात का उल्लेख नहीं है कि किस पार्टी को यह फंड दिया गया है, जिसकी पड़ताल में ईओडब्ल्यू जुटी हुई है.

**लखमा के साथ एक बड़े कांग्रेसी नेता को भी हर महीने में मिलता 20 करोड़**

जांच एजेंसी ने चार्जशीट में बताया कि फरवरी 2019 से आबकारी विभाग में भ्रष्टाचार शुरू हुआ. शुरुआती महीने में 800 पेटी शराब से भरी ट्रक डिस्टलरी से हर माह निकलती थी. एक पेटी को 2840 रुपए में बेचा जाता था. उसके बाद हर माह 400 ट्रक शराब की सप्लाई शुरू हो गई. अबकी बार प्रति पेटी शराब 3880 रुपए में बेचा जाने लगा. ईओडब्ल्यू की प्रारंभिक जांच में खुलासा हुआ है कि साल में 60 लाख से ज्यादा पेटियां अवैध रूप से बेची गई.

दो नंबर की शराब बेचने के लिए राज्य को 8 जोन में बांटकर 15 जिलों को चुना गया था. यहाँ की दुकानों में फैक्ट्री से ही डुप्लीकेट होलोग्राम लगकर शराब आती थी. सिंडीकेट में शामिल अरविंद सिंह का भतीजा अमित सिंह, अनुराग ट्रेडर्स से जुड़े अनुराग द्विवेदी, सत्येंद्र प्रकाश गर्ग, नवनीत गुप्ता ने ओवर बिलिंग और बिना बिल के शराब की बोतल की सप्लाई की. अमित अपने साथी दीपक दुआरी और प्रकाश शर्मा के साथ मिलकर डुप्लीकेट होलोग्राम की सप्लाई करता था. कारोबारी सिद्धार्थ सिंघानिया की सुमित फैसिलिटीज कंपनी के कर्मचारी ही डुप्लीकेट होलोग्राम लगाते थे. इसके एवज में 8 पैसा प्रति होलोग्राम कमीशन लिया जाता था.

## घी, साबुन और स्नैक्स होंगे सस्ते ? 12 प्रतिशत जीएसटी स्लैब हटाने की तैयारी में मोदी सरकार



**नई दिल्ली,** 2 जुलाई (न्यूज चैनल)। केंद्र सरकार वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) के ढांचे में जल्द ही महत्वपूर्ण बदलाव कर सकती है, जिससे आम उपभोक्ताओं को राहत मिल सकती है। मीडिया रिपोर्ट में सरकारी सूत्रों के हवाला से बताया गया है कि चर्चा के तहत एक प्रमुख प्रस्ताव यह है कि या तो कुछ आवश्यक वस्तुओं पर जीएसटी को 12त्न से घटाकर 5त्न कर दिया जाए या 12त्न स्लैब को पूरी तरह से खत्म कर दिया जाए। सूत्रों के अनुसार, वर्तमान में 12त्न जीएसटी लागू करने वाली अधिकांश वस्तुएं आम नागरिकों द्वारा रोजमर्रा की जिंदगी में इस्तेमाल की जाने वाली वस्तुएं हैं। इनमें वे उत्पाद शामिल हैं जो मध्यम वर्ग और आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के उपभोग पैटर्न में प्रमुखता से शामिल हैं।

विचाराधीन योजना में इन वस्तुओं को 5त्न के निचले कर स्लैब में पुन: वर्गीकृत करना शामिल है, जिससे वे अंतिम उपभोक्ताओं के लिए प्रभावी रूप से सस्ती हो जाएँगी। वैकल्पिक रूप से, सरकार 12त्न स्लैब को पूरी तरह से खत्म करने और वस्तुओं को मौजूदा निचले या उच्च स्लैब में पुन: आवंटित करने का विकल्प चुन सकती है। जीएसटी परिषद की आगामी 56वीं बैठक में अंतिम निर्णय लिए जाने की संभावना है। प्रोटोकॉल के अनुसार, परिषद की बैठक बुलाने से पहले 15 दिन का नोटिस देना आवश्यक है, लेकिन सूत्रों से संकेत मिलता है कि सत्र इस महीने के अंत में हो सकता है। यह कदम राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण होने की उम्मीद है, खासकर चुनाव से पहले के वर्ष में, और आबादी के एक बड़े हिस्से द्वारा उपभोग की जाने वाली आवश्यक वस्तुओं पर मुद्रास्फीति के दबाव को कम करने में मदद कर सकता है। केंद्रीय वित्त मंत्री की अध्यक्षता वाली जीएसटी परिषद, जिसमें राज्य वित्त मंत्री शामिल हैं, के पास कर दरों में बदलाव की सिफारिश करने का अधिकार है।

CMYK